देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 176 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
इजराइल का रवैया



# पेज थ्री

देहरादून, गुरूवार, 17 अक्टूबर 2024



मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 19.0°

79924.77

2 हमारी कार्रवाई नहीं रुकेगीः चीन
7 खतरे में कोहली का कप्तानी रिकॉर्ड

# अगर भरोसा नहीं तो कुछ नहीं

## एससीओ की बैठक में पाकिस्तान और चीन पर बरसे विदेश मंत्री एस जयशंकर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एससीओ शिखर सम्मेलन को बुधवार को संबोधित किया। विदेश मंत्री ने कहा कि आतंकवाद, अलगावाद और कट्टरवाद से सभी देशों को बचना होगा। सम्मेलन में पाकिस्तान का नाम लिए बिना विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को आतंकवाद को लेकर खरी–खरी सुनाई। जयशंकर ने कहा कि बेहतर रिश्ते के लिए भरोसा जरूरी है। अगर भरोसा नहीं तो कुछ नहीं।

भारत के विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर ने पाकिस्तान की धरती से चीन और पाकिस्तान दोनों को ही कड़ा संदेश दिया है। जयशंकर ने जहां सीमापार आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाई है, वहीं संप्रभुता का मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाकर चीन को साफ कर दिया कि भारत सीपीईसी को स्वीकार नहीं करता है। करीब 1 दशक के बाद किसी भारतीय विदेश मंत्री की पाकिस्तान की पहली यात्रा थी। एससीओ शिखर सम्मेलन में जयशंकर ने पाकिस्तान और चीन का बिना नाम लिए उन्हें धो डाला।

भारतीय चाणक्य ने कहा कि एससीओ में सहयोग आपसी सम्म्मान और संप्रभु समानता पर आधारित होना चाहिए। इसे क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को मान्यता देनी चाहिए। इसे वास्तविक साझेदारियों पर बनाया जाना चाहिए न कि एकतरफा एजेंडे पर।

डॉ. जयशंकर जब भाषण दे रहे थे तब पाकिस्तान के टेलीविजन ने समिट का लाइव बंद कर दिया। डॉ. जयशंकर ने एससीओ के सदस्यों से कहा, मैं आपसे अनुच्छेद 1 पर ध्यान देने का अनुरोध करता हूं, जो एससीओ के उद्देश्यों और काम को समझाता है। इसका मुख्य मकसद आपसी भरोसा, दोस्ती और अच्छे पड़ोसियों के संबंधों को मजबूत करना है। इसका एक और उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना है, खासकर क्षेत्रीय स्तर पर। इसका लक्ष्य संतुलित विकास को बढ़ावा देना और संघर्ष को रोकने के लिए एक सकारात्मक ताकत बनना है। चार्टर ने साफ–साफ बताया था कि हमारी तीन मुख्य चुनौतियां हैं – आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद, जिनसे निपटने के लिए एससीओ पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

### जब डरे हुए पाकिस्तान ने एससीओ समिट का लाइव बंद किया

जयशंकर जब भाषण दे रहे थे तब पाकिस्तान के टेलीविजन ने समिट का लाइव बंद कर दिया। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि चीन–पाक के गठजोड़ पर प्रहार करते हुए कहा कि क्षेत्र में आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद जैसे तीन शैतानों से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।



### चीन पर भी साधा निशाना

जयशंकर ने पाकिस्तान के अलावा चीन को भी आड़े हाथों लिया। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि एससीओ सदस्य देशों का सहयोग परस्पर सम्मान और संप्रभु समानता पर आधारित होना चाहिए। जरूरी है कि सभी देश क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को मान्यता दें। वहीं, वास्तविक साझेदारी का निर्माण होना चाहिए न कि देश एकपक्षीय एजेंडे को आगे बढ़ाएं। विदेश मंत्री ने बिना नाम लिए सीपीईसी की ओर भी इशारा कर दिया। जयशंकर ने कहा कि यदि हम दुनिया की चुनिंदा प्रथाओं को ही आगे बढ़ाएंगे खासकर व्यापार और व्यापारिक मार्गों के लिए तो एससीओ की प्रगति नहीं हो सकेगी।

### एससीओ के दायरे में दुनिया की 40 फीसदी आबादी

एससीओ में यूरेशिया के लगभग 80 प्रतिशत क्षेत्र और इसके दायरे में दुनिया की 40 प्रतिशत आबादी है। एससीओ के 9 सदस्य देश हैं– चीन, भारत, पाकिस्तान, कजाखस्तान, किर्गिजस्तान, ताजिकिस्तान, बेलारूस, ईरान और उज्बेकिस्तान। ईरान वर्ष 2023 में इसका सदस्य बना। अफगानिस्तान और मंगोलिया पर्यवेक्षक का दर्जा रखते हैं। संगठन के वर्तमान और आरंभिक संवाद भागीदारों में अजरबैजान, आर्मेनिया, मिस्र, कतर, तुर्किए, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, मालदीव, नेपाल और श्रीलंका शामिल हैं। चीन और पाकिस्तान दोनों ही इस क्षेत्र में एससीओ के मकसद को फेल कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पराली जलाने पर सख्त हुआ सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चंडीगढ़। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पंजाब और हरियाणा सरकारों के मुख्य सचिवों को तलब किया और उनसे पूछा कि राज्यों में पराली जलाने के खिलाफ कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं की गई। शीर्ष अदालत ने बुधवार को पंजाब और हरियाणा सरकारों के मुख्य सचिवों को सीएक्यूएम द्वारा जारी निर्देशों का पालन न करने पर तलब किया।

### मुख्य चुनाव आयुक्त के हेलिकॉप्टर की हुई इमरजेंसी लैडिंग

**संवाददाता** पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ के मुन्स्यारी में हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैडिंग कराई गई है। मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के हेलिकॉप्टर की उत्तराखंड के कुमाऊं में मुन्स्यारी में इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। इमजेंसी लैडिंग के पीछे खराब मौसम वजह बताई जा रही है। प्रदेश के उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे शामिल थे।

# शपथ ग्रहणः जम्मू–कश्मीर के सीएम बने उमर अब्दुल्ला

## जम्मू–कश्मीर सरकार में पांच मंत्रियों ने ली शपथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जम्मू–कश्मीर। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर में पहली सरकार का बुधवार को शपथ ग्रहण हुआ। उमर अब्दुल्ला ने कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में पद और गोपनीयता की शपथ ली। उमर अब्दुल्ला और अन्य मंत्रियों को जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा शपथ दिलाई। उमर अब्दुल्ला के साथ 5 मंत्रियों ने शपथ ली। सुरिंदर चौधरी जम्मू–कश्मीर के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। वहीं सकीना इट्टू, सतीश शर्मा, जावेद अहमद, डार जावेद राणा ने मंत्री पद की शपथ ली।

शपथ लेने से पहले उमर अब्दुल्ला ने अपने दादा स्वर्गीय शेख मोहम्मद अब्दुल्ला की मजार पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पीएम मोदी ने उमर अब्दुल्ला को दी बधाई

उमर अब्दुल्ला को जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर पीएम मोदी ने बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा ष्जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर श्री उमर अब्दुल्ला जी को बधाई। लोगों की सेवा करने के उनके प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं। केंद्र जम्मू–कश्मीर की प्रगति के लिए उनके और उनकी टीम के साथ मिलकर काम करेगा।

उमर अब्दुल्ला के शपथ ग्रहण में कई दिग्गज नेताओं को भी आमंत्रित किया गया है। नेकां–कांग्रेस की सरकार के बहाने आईएनडीआई गठबंधन के शक्ति प्रदर्शन की भी तैयारी है। शपथ ग्रहण में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी, बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल, शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, माकपा नेता प्रकाश करात और भाकपा नेता डी राजा सहित लगभग 50 नेताओं को आमंत्रित किया गया है।

जम्मू–कश्मीर के डिप्टी सीएम पद की शपथ लेने के बाद सुरिंदर कुमार चौधरी ने कहा मुझे डिप्टी सीएम बनाने से उमर अब्दुल्ला ने साबित कर दिया है कि जम्मू भी कश्मीर जितना ही महत्वपूर्ण है।

# भाजपा विधायक दल के नेता बने नायब सैनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चंडीगढ़। हरियाणा में बुधवार से नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू हो रही है। राज्य में भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बना रही है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को बुधवार को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से चुनाव से पहले ही नायब सिंह सैनी को हरियाणा में भाजपा का मुख्यमंत्री फेस घोषित किया जा चुका था। आज प्रधानमंत्री की मौजूदगी में नायब सैनी दूसरी बार सीएम पद की शपथ लेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में हुई भाजपा विधायक दल की बैठक की सभी तैयारियां पहले से ही पूरी की चुकी थी। बैठक सुबह 10 बजे के आसपास शुरू हुई थी। हालांकि, बुधवार को आखिरकार इस तरह की सभी चर्चाओं में ब्रेक लग गया। विधायक दल के नेता चुने जाने के बाद नायब सिंह सैनी बुधवार को ही राज्यपाल को उन विधायकों की सूची सौंप देंगे, जिन्हें मंत्रिमंडल में शामिल करना है।

### शपथ ग्रहण

■दूसरी बार हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की लेंगे शपथ

### आज शपथ लेंगे सीएम सैनी

भाजपा विधायक दल के नेता नायब सिंह सैनी आज दूसरी बार हरियाणा के मुख्यमंत्री बनेंगे। नायब सिंह सैनी के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी पूरी हो चुकी है। उनके शपथ समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। इसके अलावा, भाजपा ने विपक्षी नेताओं को भी नायब सिंह सैनी के शपथ ग्रहण समारोह में इनवाइट किया है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# मोदी सरकार का दिवाली गिफ्ट

■डीए में तीन फीसदी की बढ़ोतरी, कई फसलों पर बढ़ाया एमएसपी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्र सरकार में लगभग एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते डीए एवं महंगाई राहत डीआर में तीन फीसदी वृद्धि की सौगात मिली है।

बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने डीए की दरों में बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर मुहर लगाई है। पहली जुलाई से देय महंगाई भत्ते की दर अब 50 प्रतिशत से बढ़कर 53 प्रतिशत हो गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक के बाद यह जानकारी दी है।

वही इस बैठक में किसानों के लिए कई फैसले लिये गए हैं। आज की बैठक में किसानों के लिए अहम फैसले लिये गए हैं। कैबिनेट ने रबी मार्केटिंग सीजन 2025–26 के लिए एमएसपी को लेकर भी फैसला लिया है। बता दें कि कैबिनेट ने 6 फसलों के लिए एमएसपी बढ़ाने की मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि फसलों की एमएसपी पर 300 रुपये प्रति क्विंटल तक का इजाफा किया गया है। वहीं फसलों की मार्जिन लागत में भी 50 फीसदी का इजाफा किया गया।

# हमारी कार्रवाई एक पल के लिए भी नहीं रुकेगी

**रिपोर्ट** चीन लगातार ताइवान के आसपास कर रहा सैन्य अभ्यास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ताइपेई। चीन ने सोमवार को ताइवान के आसपास एक बार फिर सैन्य अभ्यास शुरू किया। उसके विमानों और जहाजों ने स्व–शासित द्वीप को घेर लिया है। ये अभ्यास चीन के चल रहे शक्ति प्रदर्शन का हिस्सा हैं। साथ ही पिछले दो सालों में बड़े पैमाने पर सैन्य अभियानों के चौथे दौर का प्रतीक है।चीन के ताइवान मामलों के कार्यालय ने बुधवार को कहा कि चीन ताइवान पर बल प्रयोग बंद करने का वादा नहीं करेगा। लेकिन इसका उद्देश्य बाहरी हस्तक्षेप और कुछ अलगाववादियों को बढ़ावा देना है।

चीन, जो लोकतांत्रिक रूप से शासित ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है, ने द्वीप के चारों ओर बड़े पैमाने पर अभ्यास किया। उसने कहा कि यह ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग–ते द्वारा पिछले सप्ताह राष्ट्रीय दिवस पर दिए गए भाषण के बाद अलगाववादी कृत्यों के प्रति चेतावनी है। चीन के ताइवान मामलों के कार्यालय के प्रवक्ता चेन बिन्हुआ ने बीजिंग में एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि हम पूरी ईमानदारी और प्रयास के साथ शांतिपूर्ण पुनर्मिलन की संभावना के लिए प्रयास करने को तैयार हैं। उन्होंने आगे कहा, लेकिन हम बल प्रयोग को रोकने के लिए कभी भी प्रतिबद्ध नहीं होंगे। चेन ने कहा कि हालांकि, इसका उद्देश्य बाहरी ताकतों का हस्तक्षेप है। उनका इशारा संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगियों तथा ताइवान के बहुत कम संख्या में अलगाववादियों की ओर है, न कि ताइवान के अधिकांश लोगों की ओर।

राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए हमारी कार्रवाई एक पल के लिए भी नहीं रुकेगी। ताइवान की सरकार ने बीजिंग के संप्रभुता के दावों को खारिज करते हुए कहा कि केवल द्वीप के लोग ही अपना भविष्य तय कर सकते हैं।

बुधवार को ताइपे में पत्रकारों से बात करते हुए, ताइवान के राष्ट्रीय सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशक त्साई मिंग–येन ने कहा कि चीन के अभ्यासों ने अंतरराष्ट्रीय निंदा को जन्म दिया है, खासकर वाशिंगटन से। उन्होंने कहा, चीनी कम्युनिस्टों के सैन्य अभ्यास से नकारात्मक प्रभाव पड़ा है, क्योंकि इससे अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ताइवान के प्रति अधिक समर्थनशील हो गया है।

लाई ने 10 अक्टूबर को अपने भाषण में कहा कि चीन को ताइवान का प्रतिनिधित्व करने का कोई अधिकार नहीं है, लेकिन द्वीप जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए बीजिंग के साथ काम करने को तैयार है। चीनी प्रवक्ता चेन ने कहा कि लाई अपने अड़ियल अलगाववादी रुख पर अड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, इसमें कोई सद्भावना नहीं थी। लाई ने बार–बार चीन के साथ बातचीत की पेशकश की, लेकिन उन्हें ठुकरा दिया गया।

बुधवार की सुबह, पिछले 24 घंटों में चीनी गतिविधियों के अपने दैनिक अपडेट में, ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने 22 चीनी सैन्य विमानों और पांच नौसेना जहाजों का पता लगाया है। 1949 में माओत्से तुंग के कम्युनिस्टों के साथ गृह युद्ध हारने के बाद पराजित चीनी गणराज्य सरकार ताइवान भाग गई। किसी भी युद्धविराम या शांति संधि पर कभी हस्ताक्षर नहीं किए गए।

### ताइपे पर कब्जा करना चाहता है बीजिंग

गौरतलब है कि ताइवान के आसपास चीन की सैन्य उपस्थिति हाल के वर्षों में काफी बढ़ गई है। द्वीप के आसपास लगातार उड़ानें और नौसैनिक युद्धाभ्यास होते रहते हैं। आए दिन ताइवानी मंत्रालय इसकी जानकारी देता रहता है। बीजिंग ने ताइवान को अपने नियंत्रण में लाने के लिए बल का प्रयोग करने से इनकार नहीं किया है। वह लगातार ताइवान पर कब्जा करने की कोशिश में लगा हुआ है।

## न्यूज डायरी



## 25 साल बाद एक बेटी ने अपने पिता के हत्यारे को भेजा जेल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बोआ विस्टा। ब्राजील के बाओ विस्टा की रहने वाली गिस्लेने डे डेउस की कहानी आपको फिल्मी लग सकती है, लेकिन उनकी कहानी सच है। दरअसल, जब गिस्लेने डे डेउस सिर्फ 9 साल की थी तो उनके पिता की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। गिस्लेने सिल्वा 5 बहनों में सबसे बड़ी थी। पिता की मृत्यु के बाद पूरे घर की जिम्मेदारी उनके कंधों पर थी लेकिन इस बीच उन्होंने हार नहीं मानी और कसम खाई की अपने पिता के हत्यारे को सजा दिलाकर ही दम लेंगी। अपने पिता के हत्यारे को पकड़ने के लिए उन्होंने पुलिस अधिकारी बनने का सपना देखा और उसे सच भी कर लिया और अब करीब 25 साल बाद हत्यारा सलाखों के पीछे है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस अधिकारी डेउस के पिता गिराल्डो की फरवरी 1999 में 20 पाउंड के कर्ज के चलते गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह घटना तब हुई जब गिराल्डो अपने एक दोस्त के साथ बैठे थे। इसी दौरान 20 पाउंड के कर्ज के लिए रेमुंडो गोम्स नाम के एक शख्स के साथ उनकी तीखी नोकझोंक हो गई, जिसके बाद गोम्स ने गिलवाडो की हत्या कर दी। अपने पिता के हत्यारे गोम्स को ढूंढने के लिए बेटी डेउस ने 18 साल की उम्र में कानून की पढ़ाई शुरू की और बाद में पुलिस बल में शामिल हो गईं।

## पाकिस्तान में मॉर्निंग वॉक पर निकले भारत के चाणक्य जयशंकर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए पाकिस्तान पहुंचे हैं। पाकिस्तान में एससीओ की मीटिंग से ज्यादा डॉ. जयशंकर के पहुंचने की चर्चा है। इस दौरान वह पाकिस्तान में बने भारत के किले यानी भारतीय उच्चायोग में सैर करने के लिए निकल गए। डॉ. जयशंकर ने तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह भारतीय उच्चायोग के परिसर में कई अन्य लोगों के साथ सुबह की सैर पर निकले हैं। इस तस्वीर को लेकर एक शख्स ने लिखा, श्इसे कहते हैं छाती पर मूंग दलना। जयशंकर 15 और 16 अक्तूबर को एससीओ काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट शिखर सम्मेलन के लिए पाकिस्तान में हैं। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में भारत का उच्चायोग है। परिसर में घूमने के साथ–साथ डॉ. जयशंकर ने उच्चायोग के परिसर में पौधे भी लगाए। मंगलवार को डॉ. जयशंकर इस्लामाबाद में पहुंचे थे। वरिष्ठ पाकिस्तानी अधिकारियों ने नूर खान एयरबेस पर उनका स्वागत किया था। इसके अलावा पाकिस्तान के बच्चों ने पारंपरिक परिधान में फूल देकर उनका स्वागत किया। पाकिस्तान में डॉ. जयशंकर के अंदाज की सबसे ज्यादा चर्चा है।

## दूसरों की जमीन कब्जाने वाले चीन ने दिया ज्ञान, निशाने पर भारत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में हो रहे एससीओ शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग पहुंचे हैं। चीन–पाकिस्तान के बीच बेहद करीबी संबंध हैं जो ली कियांग के स्वागत में साफ दिखा। पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ खुद उन्हें रिसीव करने के लिए हवाई अड्डे पर पहुंचे। ली कियांग ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के साथ अलग–अलग मीटिंग की। दोनों देशों की ओर से जारी जॉइंट स्टेटमेंट में कश्मीर का मुद्दा उठाया गया है। ली कियांग ने पाकिस्तानी राष्ट्रपति के साथ मीटिंग में पाकिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता और समृद्धि के लिए चीन के अटूट समर्थन की पुष्टि की। संयुक्त बयान में कहा गया, श्दोनों देशों ने दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता बनाए रखने के महत्व और सभी लंबित विवादों के समाधान की जरूरत पर जोर दिया और किसी भी एकतरफा कार्रवाई का विरोध किया। पाकिस्तानी पक्ष ने चीनी पक्ष को जम्मू–कश्मीर की स्थिति के नवीनतम घटनाक्रम से अवगत कराया। चीनी पक्ष ने दोहराया कि जम्मू और कश्मीर का विवाद इतिहास से बचा हुआ है। इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर, प्रासंगिग संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और द्विपक्षीय समझौतों के मुताबिक शांतिपूर्वक हल किया जाना चाहिए। ली ने ताइवान, तिब्बत, हांगकांग, शिनजियांग और दक्षिण चीन सागर जैसे प्रमुख चीनी मुद्दों पर पाकिस्तान के रुख की सराहना की।

## भारत के साथ बातचीत के लिए बेचैन हुआ पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। भारत ने पहले ही यह साफ कर दिया है कि जयशंकर की यात्रा पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय रिश्ते सुधारने के उद्देश्य से नहीं है। इसके बावजूद पूर्व पीएम और सत्तारूढ़ पीएमएल–एन के मुखिया नवाज शरीफ, पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भारत के साथ रिश्ते सुधारने के लिए बातचीत शुरू करने की बात कही है।

शहबाज सरकार की पूरी कोशिश है कि भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय बैठक हो। वहीं, भारत ने दो टूक कहा है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद पर नकेल नहीं कसता, तब कोई बातचीत नहीं होगी। भारत के साथ बातचीत के लिए शहबाज सरकार की बेचौनी का पता बिलावल भुट्टो एक बयान से चलता है। उन्होंने कहा कि दोनों देश बातचीत करें वरना आने वाली नस्लें दोनों सरकारों को माफ नहीं करेंगी। बता दें कि बिलावल भुट्टो की पार्टी शहबाज सरकार के साथ गठबंधन में है। बिलावल भुट्टो के अलावा पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने भी कहा है कि भारत जब चाहेगा तब हम बातचीत की टेबल पर आने के लिए तैयार हैं। इस बैठक में व्यापार और आर्थिक एजेंडे पर चर्चा होती है। बता दें कि 9 सालों में यह पहली बार है कि भारत के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान की यात्रा की।



भारत के दुश्मन संग रूस का सैन्य अभ्यास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान और रूस ने संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया है। ये दोनों देशों की सेनाओं के बीच 7वां आतंकवाद विरोधी साझा अभ्यास है। इस ज्वाइंट मिलिट्री एक्सरसाइज को द्रुजबा VII नाम दिया गया है। द्रुजबा का मतलब दोस्ती है और टप्प इसलिए जोड़ा गया है क्योंकि ये सांतवां साझा अभ्यास है। पाकिस्तान आर्मी की मीडिया और पब्लिक रिलेशन विंग आईएसपीआर ने मंगलवार को इस ज्वाइंड ड्रिल की जानकारी दी है। पाकिस्तान के पाब्बी में ये संयुक्त अभ्यास हो रहा है। दोनों देशों का ये सैन्य अभ्यास ऐसे समय हो रहा है, जब राजधानी इस्लामाबाद में एससीओ समिट चल रही है। दो दिवसीय एससीओ समिट शुरू हुई है। समिट में शामिल होने के लिए कई बड़े नेता इस्लामाबाद में हैं, इनमें भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर भी शामिल हैं। जयशंकर मंगलवार शाम को ही पाकिस्तान पहुंचे हैं।

## अमेरिका, आस्ट्रेलिया के बाद अब भारत के खिलाफ आया ब्रिटेन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। भारत और कनाडा के विवाद में अब ब्रिटेन भी कूद पड़ा है। कनाडा के खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर लगाए गए आरोपों पर ब्रिटेन ने उसका समर्थन किया है। ब्रिटेन ने एक बयान जारी करके कहा कि हम कनाडा में स्वतंत्र जांच के बाद आए इस गंभीर घटनाक्रम पर अपने कनाडा के सहयोगियों के साथ संपर्क में हैं। ब्रिटेन को कनाडा के न्यायिक सिस्टम पर पूरा भरोसा है। ब्रिटेन ने कहा कि भारत कनाडा का जांच में सहयोग करे। न्यूजीलैंड को छोड़ दें तो अब फाइव आइज संगठन के सभी तीन अन्य सदस्य देशों ब्रिटेन, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया ने कनाडा का खुलकर समर्थन किया है। साथ ही भारत से मांग की है कि वह कनाडा को निज्ध्जर मामले में जांच में मदद करे। इससे पहले कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने फाइव आइज संगठन से मदद की गुहार लगाई थी।

कई विश्लेषकों का कहना है कि इस पूरे विवाद के भड़कने के पीछे अमेरिका का हाथ हो सकता है। इससे पहले अमेरिका ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारत पिछले साल एक सिख अलगाववादी की हत्या के मामले में कनाडा की जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'कनाडा के मामले की बात करें तो हमने स्पष्ट कर दिया है कि आरोप बेहद गंभीर हैं और उन्हें गंभीरता से लिया जाना चाहिए। हम चाहते थे कि भारत सरकार कनाडा के साथ जांच में सहयोग करे। जाहिर है, उन्होंने वह रास्ता नहीं चुना है।'

जस्टिन ट्रूडो ने एक दिन पहले आरोप लगाया था कि पिछले साल जून में सरे में सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के अधिकारी शामिल थे। ट्रूडो ने आरोप लगाया, 'देश के आरसीएमपी के पास स्पष्ट और पुख्ता सबूत हैं कि भारत सरकार के एजेंट ऐसी गतिविधियों में शामिल रहे हैं और अब भी शामिल हैं जो सार्वजनिक सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा हैं।

### कनाडा के पीएम ने लगाया आरोप, नहीं दिए सबूत

## काकर बोले- भारत-पाक को बात शुरू करनी चीहिए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। एससीओ समिट में शामिल होने इस्लामाबाद पहुंचे भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर के इस दौरे को अनवारुल हक काकर ने भारत और पाकिस्तान के आपसी रिश्तों की बर्फ पिघलाने का एक बेहतरीन मौका कहा है। पाकिस्तान के केयरटेकर पीएम, सीनेट मेंबर और दूसरे कई अहम पदों पर रह चुके काकर का कहना है कि दोनों देशों को बिना देर किए बातचीत शुरू करनी चाहिए और इस बातचीत की शुरुआत के लिए मंच जयशंकर की मौजूदा इस्लामाबाद यात्रा बन सकती है। काकर ने कहा, भारत और पाकिस्तान एक–दूसरे के अहम पड़ोसी हैं। भारत जैसे अहम पड़ोसी से हम बात करना बंद नहीं कर सकते हैं। अब वक्त आ गया है कि दोनों पड़ोसी बातचीत फिर से शुरू करें।

**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**

# विभाग समन्वय स्थापित कर तैयार करें प्रस्ताव

**समीक्षा**

## डीएम ने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रस्तावित विकास योजनाओं के प्रस्तावों की समीक्षा

**संवाददाता**

चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बुधवार को वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रस्तावित विकास योजनाओं के प्रस्तावों की समीक्षा की। इस दौरान विभागवार प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए उन्होंने सभी विभागों को समन्वय स्थापित कर प्रस्ताव तैयार करने की बात कही। जिससे योजनाओं के प्रस्तावों की पुनरावृत्ति से बचा जा सकेगा।

जिलाधिकारी ने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम की विभागवार समीक्षा करते हुए मुख्य कृषि अधिकारी को कोल्ड स्टोरेज यूनिट व प्रोसेसिंग यूनिट का प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी के औचित्यपूर्ण प्रस्ताव तैयार करने के आदेश दिए। उन्होंने आंगनवाडी में सोलर पैनल लगाने के लिए उरेडा से प्रस्ताव बनाने, आरडब्लूडी को गेस्ट हाउस और म्यूजियम का निर्माण पहाड़ी शैली में करने के निर्देश दिए। पर्यटन अधिकारी को वाइब्रेंट



विलेज में वर्तमान में पर्यटकों की ग्रीष्म और शीतकाल में पर्यटकों की आवाजाही की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के आदेश दिए। उन्होंने सिचाई नहरों के निर्माण के लिए विभागीय अधिकारी को कृषि व उद्यान विभाग से समन्वय स्थापित कर प्रस्ताव तैयार करने की बात कही।

वाइब्रेंट विलेज के ग्रामीणों को बैंकिग सुविधा से जोड़ने के लिये एलडीएम को बैंक या मिनी बैंक स्थापित करने की योजना बनाने के निर्देश दिए। उद्योग विभाग के महाप्रबंधक हस्तशिल्प उत्पादन की गुणवत्ता वृद्धि और विपणन की व्यवस्था को लेकर मशीनों और आउटलेट स्थापित करने के प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। वहीं गांवों में सामुदायिक शौचालयों के निर्माण के लिए भूमि चयन कर प्रस्ताव तैयार करने की बात कही।

बैठक में परियोजना निदेशक आनंद सिंह ने वाइब्रेंट विलेजों में बुनियादी सुविधाओं और आजीविका विकास हेतु संचालित एवं प्रस्तावित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद चमोली में सीमावर्ती गांव नीती, गमशाली, बाम्पा, फरकिया, मलारी, कोषा, कैलाशपुर, महरगांव, गुरु कुटी, माणा, बामणी, गजकोटी, कुरकुटी एवं जोशीमठ को संतृप्त किया जा रहा है। इन गांवों में केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं में सभी पात्र लोगों को लाभान्वित करने के साथ ही बुनियादी सुविधाओं के विकास और आजीविका सृजन के लिए कार्य किए जा रहे है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नन्दन कुमार, परियोजना निदेशक आनन्द सिंह, सीएमओ राजकेश पांडेय, पर्यटन अधिकारी बृजेंद्र पांडे सहित समस्त रेखीय विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सन्निरीक्षा समिति हुई गठित

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती की अध्यक्षता में 07–केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन–2024 के संपादनार्थ हेतु आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु राज्य सरकार एवं स्थानीय स्तर से प्राप्त होने वाले आदर्श आचार संहिता संबंधी प्रस्तावों अथवा शिकायतों के परीक्षण एवं उस संबंध में विधि सम्मत कार्यवाही किए जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती की अध्यक्षता में 05 सदस्यीय सन्निरीक्षा समिति का गठन किया गया है। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्याम सिंह राणा ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि जनपद स्तर पर गठित सन्निरीक्षा समिति में मुख्य विकास अधिकारी अध्यक्ष जबकि उप जिलाधिकारी ऊखीमठ, पुलिस उपाधीक्षक वरिष्ठ कोषाधिकारी तथा जिला सूचना अधिकारी को सदस्य नामित किया गया है।

### बिना पूर्व अनुमति जुलूस व सार्वजनिक बैठक प्रतिबंधित

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। 07–केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन–2024 के दृष्टिगत जनपद में तत्काल प्रभाव से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। जिला मजिस्ट्रेट सौरभ गहरवार ने चुनाव में असामाजिक एवं अवांछनीय तत्वों द्वारा सांप्रदायिक एवं जातिगत भावनाओं को उद्वेलित कर परिशांति भंग करने एवं लोक परिशांति के विक्षुब्ध किए जाने की संभावना के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 की धारा–163 के प्राविधानों के तहत निषेधाज्ञाएं जारी की हैं। जनपद में आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के साथ ही जिला मजिस्ट्रेट सौरभ गहरवार के आदेश पर जनपद में किसी भी सार्वजनिक स्थल पर कोई भी सभा या बैठक का आयोजन संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर अथवा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की बिना पूर्व अनुमति के नहीं की जा सकेगी। इसके अलावा किसी प्रत्याशी अथवा उनके समर्थकों द्वारा चुनाव प्रचार हेतु ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग भी प्रतिबंधित रहेगा। किसी सार्वजनिक स्थान पर पांच या उससे अधिक व्यक्तियों का समूह बिना अनुमति के नहीं बनाएगा और न ही ऐसे समूह में शामिल होगा।

### एबिक्स ग्लोबल सर्विसेज ने 250 मिलियन रुपये का मल्टी–ईयर कॉन्ट्रैक्ट प्राप्त किया

**संवाददाता** देहरादून। इराया लाइफस्पेस लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसकी इंडियन भारतीय सब्सिडियरी एबिक्सकैश ग्लोबल सर्विसेज ( ईसीजीएस) ने 250 मिलियन रुपये के एनुअल कॉन्ट्रैक्ट वैल्यू के साथ मल्टी–ईयर कॉन्ट्रैक्ट सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है। एबिक्सकैश ग्लोबल सर्विसेज द्वारा हाल ही में सुरक्षित कॉन्ट्रैक्ट्स में शामिल हैं।

# केदारनाथ उप निर्वाचन हेतु विभिन्न टीमें गठित

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन के दृष्टिगत विधानसभा वार निगरानी टीमों का गठन किया गया है जो आवंटित क्षेत्रों में लगातार निगरानी करेंगी। टीमें सक्रियता के साथ चरणबद्ध तरीके से कार्य करेंगी। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्याम सिंह राणा ने बताया कि किसी भी व्यक्ति को इस उद्देश्य से पारितोषण देना जिससे उस व्यक्ति या किसी अन्य व्यक्ति को निर्वाचन अधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्प्रेरित करे अथवा स्वयं अपने लिए या किसी अन्य व्यक्ति के लिए पारितोषण रिश्वत की श्रेणी में आएगा। ऐसे अपराध के लिए एक वर्ष का कारावास या जुर्माना अथवा दोनों से दंडित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके नियंत्रण हेतु निगरानी टीमों का गठन किया गया है। अपर जिलाधिकारीध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्याम सिंह राणा ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए कहा कि धारा–171 (सी) आईपीसी के अंतर्गत जो कोई व्यक्ति निर्वाचन अधिकार के निर्वाध प्रयोग में जानबूझकर हस्तक्षेप करता है अथवा हस्तक्षेप करने का प्रयत्न करता है ऐसे व्यक्ति को भी एक वर्ष का कारावास व जुर्माने अथवा दोनों से दंडित किया जाएगा।

उन्होंने इसके लिए केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन की तैयारियों से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन व्यय परीक्षण व आदर्श आचार संहिता के परिपालन हेतु विधान सभावार कुल 08 उड़न दस्ता दल, 06 स्थैटिक निगरानी टीम सहित 04 वीडियो टीमों का गठन किया गया है। साथ ही नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेगी।



### महर्षि बाल्मीकि की जयंती पर निकाली झांकी

**संवाददाता** पुरोला। महान ऋषि व रामायण के रचयिता महर्षि बाल्मीकि की जयंती से एक दिन पूर्व नगर पंचायत में कार्यरत पर्यावरण मित्रों ने झांकी निकालकर हर्षोल्लास के साथ नृत्य कर बाजार में मिष्ठान वितरण किया। पुरोला में बुधवार को महर्षि बाल्मीकि की जयंती से एक दिन पूर्व नगर पालिका में कार्यरत पर्यावरण मित्रों ने राम,सीता,लक्ष्मण व महर्षि बाल्मीकि की झांकी के साथ शिव पार्वती व दुर्गा की झांकी निकाली। झांकी नगर पालिका कार्यालय से शुरू हो कर हॉस्पिटल रोड़, कुमोला रोड़, मुख्य बाजार , मोरी रोड होते हुए बाल्मीकि मंदिर के पास समाप्त हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने झांकी के पीछे पीछे खूब नृत्य कर सड़क किनारे खड़े दर्शकों का खूब मनोरंजन किया पर्यावरण मित्रों ने झांकी के साथ मे पूरे बाजार में मिष्ठान वितरण किया झांकी के समापन पर मंदिर में भण्डारे का आयोजन भी किया गया।

# केदारनाथ विधानसभा सामान्य निर्वाचन हेतु निर्वाचन संबंधित कार्यक्रम की घोषणा

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने जिला कार्यालय कक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तराखण्ड राज्य की जनपद रुद्रप्रयाग की 07– केदारनाथ विधानसभा उप निर्वाचन हेतु कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। जिसके तहत 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होने की तिथि है तथा 29 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि है।

30 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की जांच की जाएगी। 04 नवंबर को नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। 20 नवंबर को मतदान

**निर्वाचन संबंधी अधिसूचना की तिथि 22 अक्टूबर को होगी जारी**

किया जाएगा तथा मतगणना 23 नवंबर को की जाएगी।

उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा के 24 घंटे के अंदर किसी भी शासकीय कार्यालय, परिसर, भवन आदि से सभी प्रकार के बैनर, पोस्टर, पम्पलेट, झंडे, होल्डिंग, वाल पेंटिंग हटाए जाने होंगे। साथ ही 48 घंटे के अंदर विभिन्न जन संपत्तियों बस स्टैंड, रोडवेज, सरकारी बस, विद्युत टेलीफोन, नगर पालिका परिषद आदि से सभी प्रकार की अनाधिकृत राजनीतिक पोस्टर, बैनर आदि हटाने होंगे।

निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के 72 घंटे के अंदर विभिन्न निजी संपत्तियों से सभी प्रकार के अनाधिकृत राजनीतिक प्रचार सामग्री हटाई जानी होगी। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के फलस्वरूप राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों द्वारा उप निर्वाचन के लिए जो भी प्रचार–प्रसार एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे उसके लिए रिटर्निंग अधिकारी से अनुमति लेनी अनिवार्य होगी। साथ ही किसी भी निजी संपत्ति पर प्रचार सामग्री चस्पा करने के लिए संबंधित व्यक्ति की अनुमति भी आवश्यक होगी। उन्होंने कहा कि केदारनाथ विधानसभा उप निर्वाचन में आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार ही प्रचार–प्रसारध्कार्यवाही करने की अपेक्षा की गई है।

### नंदा देवी राजजात यात्रा पर प्रशासन ने शुरु की तैयारियां

**संवाददाता** चमोली। नंदा देवी राजजात यात्रा 2026 के सुचारु और कुशल संचालन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरु कर दी हैं। यात्रा के आयोजन को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने शासन के निर्देशों के क्रम में सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने यात्रा मार्गों के सुधारीकरण व यात्रियों की सुविधा के लिए किए जाने वाले निर्माण कार्यों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला पर्यटन अधिकारी बृजेंद्र पांडे को यात्रा मार्ग पर किए जाने वाले कार्यों को विभागीय दक्षता के आधार पर प्रस्ताव बनवाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्माण कार्यों के लिये भूमि चयन के साथ प्रस्ताव तैयार करने तथा अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर औचित्य के साथ प्रस्ताव उपलब्ध कराने के आदेश दिए।



*ज्ञानी व्यक्ति की कभी भी मृत्यु नहीं होती है, वे अपने ज्ञान का प्रकाश हमेशा बिखेरते रहते हैं। -अज्ञात*


विचार-प्रवाह देहरादून, गुरूवार, 17 अक्टूबर 2024

पेज थ्री
www.page3news.in


# इजराइल का रवैया

**ताजा कामयाबी ने इजराइल का उत्साह और बढ़ा दिया है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या हिज्बुल्ला की मिसाइलों का खतरा समाप्त करने के बाद इस्राइल अपने सैनिकों को लेबनान में घुसने का आदेश देता है।**

अनुज श्रीवास्तव।।

लेबनान में हुए इस्राइली हमले में हसन नसरल्लाह का मारा जाना हिज्बुल्ला के लिए ऐसा झटका है, जिससे उबरना उसके लिए आसान नहीं होगा। इस्राइली सेना और नेतन्याहू सरकार के लिए यह उतनी ही बड़ी कामयाबी है। अफसोस की बात यह है कि इस कथित झटके या कामयाबी के बाद भी इस क्षेत्र में शांति की संभावना मजबूत नहीं हुई है। इसके उलट संघर्ष के बेकाबू होने का खतरा बढ़ गया है।

पिछले तीन दशक से भी ज्यादा समय से हिज्बुल्ला का नेतृत्व कर रहा नसरल्लाह मध्यपूर्व के सबसे प्रभावशाली व्यक्तित्वों में शुमार किया जाता था। उसकी कमी की जल्द भरपाई होना मुश्किल है। मगर हिज्बुल्ला के लिए यह इकलौता झटका नहीं है। हाल के हमलों में उसके एक दर्जन से ज्यादा टॉप के कमांडर मारे जा चुके हैं। बहुचर्चित पेजर और वॉकी टॉकी हमलों ने उसके इंटरनल कम्युनिकेशन सिस्टम को भी लगभग खत्म कर दिया है। ऐसे में खुद को समेटकर इस्राइल पर दोबारा वैसा ही हमला करना हिज्बुल्ला के लिए काफी मुश्किल होगा।



ताजा झटका कितना भी बड़ा हो, यह समझना गलत होगा कि इससे हिज्बुल्ला इस्राइल के सामने समर्पण कर देगा। पिछले कुछ दशकों में हिज्बुल्ला दुनिया का सबसे ताकतवर नॉन स्टेट एक्टर बन चुका है। उसके पास 1,50,000 से अधिक रॉकेट और मिसाइलें बताई जाती हैं। उसकी सैन्य ताकत किसी मिडल साइज के देश के बराबर मानी जाती है। हिज्बुल्ला ने कहा भी है कि वह इस्राइल के खिलाफ अपना अभियान जारी रखेगा।

कुछ समय पहले तक 12 देशों की ओर से प्रस्तावित युद्धविराम को लेकर जो भी बची–खुची उम्मीद थी, वह अब समाप्त हो गई है। ताजा कामयाबी ने इस्राइल का उत्साह और बढ़ा दिया है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या हिज्बुल्ला की मिसाइलों का खतरा समाप्त करने के बाद इस्राइल अपने सैनिकों को लेबनान में घुसने का आदेश देता है। अगर ऐसा हुआ तो यह एक और लंबी लड़ाई की शुरुआत साबित हो सकती है।

निगाहें ईरान पर भी टिकी हैं। वह पहले से नाराज है। तेहरान के एक गेस्टहाउस में हमास नेता इस्माइल हानिये की मौत का बदला भी उसे लेना है। नसरल्लाह की मौत उसके लिए भी झटका है। देखने वाली बात यह है कि उसकी प्रतिक्रिया कितनी और कैसी होती है।

जहां तक भारत की बात है तो बाकी पूरी दुनिया की तरह वह भी यही चाहेगा कि संघर्ष की यह आग ज्यादा न फैले। इंडिया–मिडल ईस्ट–यूरोप इकॉनमिक कॉरिडोर जैसे दूरगामी हितों को फिलहाल छोड़ दें तो भी युद्ध का बेकाबू होना भारत को ही नहीं, ग्लोबल इकॉनमी को भी चुनौतियों के भंवर में डाल सकता है। युद्ध के बेकाबू होने से तेल की कीमतें भी बढ़ सकती हैं, जिससे भारतीय इकॉनमी को नुकसान होगा।

## लोहार के दुकान

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** आज की इस कहानी में लोहार की कैद में यमराज की धार्मिक कहानियां के साथ–साथ शिक्षाप्रद धार्मिक कहानी, भगवान की पौराणिक कथाएं, ईश्वर पर विश्वास की कहानी, धार्मिक कहानी हिंदी में, 25 धार्मिक कहानियां बच्चों के लिए, धार्मिक लघु कथाएं, प्रेरणादायक धार्मिक कहानी इत्यादि कहानियों के बारे में भी बताया गया है। बहुत पुराने जमाने के बाद है एक लोहार अपने दुकान में बैठकर लोहा पीट–पीटकर अपना काम कर रहे थे। तभी उसकी दुकान से 4 महात्मा और उसके शिष्य के गुजर हो रहे थे। शाम काफी ज्यादा होने के कारण उसे आगे चलने के लिए अच्छा नहीं सोचा था। उन्होंने लोहार के दुकान में गया और कहा कि क्या मुझे आज रात के लिए यहां रहने की व्यवस्था हो सकती है।

.......... शेष कल

## संपादकीय

### इतना भ्रष्टाचार कैसे?

मजे की बात है कि आधार कार्ड बनाने वाली संस्था यूआईडीएआई ने भी झारखंड में मुस्लिम घुसपैठियों की बाढ़ की पुष्टि की है। इस संस्था ने झारखंड हाई कोर्ट में हलफनामा देकर कहा है कि प्रदेश में बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुस्लिमों की घुसपैठ बहुत ज्यादा बढ़ गई है। गृह मंत्रालय ने भी हाई कोर्ट से यही कहा है। तो सवाल है कि आखिर यूआईडीएआई तो केंद्र सरकार के अधीन है, फिर इसमें इतनी धांधली कैसे हो रही है? घुसपैठियों के वोटर कार्ड कैसे बन जा रहे हैं? क्या मोदी सरकार ने कभी यूआईडीएआई में बजबजाते भ्रष्टाचार पर गौर किया? क्या कभी मोदी सरकार ने यह विचार करने की जहमत उठाई कि यह सिर्फ भ्रष्टाचार का मामला नहीं है, इस भ्रष्टाचार से दुश्मनों को भारत पर परोक्ष आक्रमण का मौका मिल रहा है? वैसे भी प्रधानमंत्री जब–तब सीना तानकर भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने का ऐलान करते रहते हैं, तो वो देश के खतरे में डालने वाले भ्रष्टाचारियों से आंखें क्यों फेर रहे हैं?

प्रधानमंत्री ने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी के त्रिदलीय गठबंधन को वोट बैंक की चिंता है, इसलिए यह घुसपैठिये मुसलमानों के साथ खड़ा है।

# देशभर में घुसपैठियों की बाढ़

नवीन कुमार पाण्डेय।।

'तू इधर–उधर की ना बात कर, ये बता कि काफिला क्यों लुटा? मुझे रहजनों से गिला नहीं, तेरी रहबरी पर सवाल है।' शहाब जाफरी ने नई सदी के आते ही दुनिया को अलविदा कह दिया, लेकिन उनका यह शेर पता नहीं कितनी सदियों तक जिंदा रहेगा। जब–जब दोस्त होने का दावा करने वालों के किए विपरीत परिणाम देंगे, जब उनकी मंशा संदेह के घेरे में होगी तो यह शेर बरबस जुबां पर आएगा और आता भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड में बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों की बेतहाशा घुसपैठ का मुद्दा उठाया तो दिल से यही शेर निकल पड़ा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी के त्रिदलीय गठबंधन को वोट बैंक की चिंता है, इसलिए यह घुसपैठिये मुसलमानों के साथ खड़ा है। उन्होंने झारखंडवासियों से कहा कि यह गठबंधन आपके प्रदेश का दुश्मन है, इसलिए अपनी रक्षा के लिए बीजेपी की सरकार बनाइए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के आदिवासी इलाकों में जनसंख्या में तेजी से हो रहे परिवर्तन (डेमोग्राफी चेंज) को लेकर सवाल उठाए और कहा कि यह तभी रुक सकता है जब बीजेपी झारखंड की सरकार में आए। सवाल है कि बीजेपी तो पिछले तीन टर्म से देश की सरकार में है और चेतावनी देने वाले खुद प्रधानमंत्री हैं तो फिर झारखंड ही नहीं, देशभर में मुस्लिम घुसपैठियों की बाढ़ कैसे आ गई?



वरिष्ठ पत्रकार कंचन गुप्ता ने 10 सितंबर को बेंगलुरु में घुसपैठिये मुसलमानों की बढ़ती तादाद को लेकर चिंता जता रहे एक वैज्ञानिक की फेसबुक पोस्ट अपने एक्स हैंडल पर शेयर की। उन्होंने लिखा, 'प्रतिष्ठित वैज्ञानिक अमिताभ प्रमाणिक ने इसे फेसबुक पर पोस्ट किया है। बांग्ला और बांग्ला बोली की समझ रखने वाला कोई भी भारतीय बंगाली, भारतीय बंगालियों और बांग्लादेशियों का अंतर पहचान लेगा। जब भी मैं मछली खरीदने के लिए सीआर पार्क बाजार जाता हूं, तो मैं बांग्लादेशियों की तेजी से बढ़ती संख्या को देखकर हैरान रह जाता हूं, जो अपनी पहचान छिपाने की भी परवाह नहीं करते। वे पश्चिम बंगाल के रास्ते आते हैं और संभवतः चंद सिक्कों के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाले दलालों से नकली वोटर कार्ड और आधार कार्ड बनवा लेते हैं। पश्चिम बंगाल के रास्ते यह अनियंत्रित और अबाध अवैध घुसपैठ, सुप्रीम कोर्ट के शब्दों में कहें तो भारत पर आक्रमण है।'इसी पोस्ट के नीचे पद्मजा लिखती हैं, 'मैंने बेंगलुरु में अपना आधार कार्ड बनवाया और आसपास के इलाकों में बहुत से बांग्लादेशियों को एक दलाल के साथ देखा जो उनके आधार की औपचारिकता धड़ाधड़ पूरा कर रहा था। मैंने कार्यालय प्रभारी से बात की और उनसे पूछा कि वे बांग्लादेशियों को आधार कार्ड कैसे जारी कर सकते हैं? उन्होंने मुझे बताया कि अगर घुसपैठिये उचित दस्तावेज पेश करते हैं तो मुझे उनके आवेदन को अस्वीकार करने का कोई अधिकार नहीं है, मैं तो केवल अपना काम कर रहा हूं। मैं इससे ज्यादा बहस नहीं कर सकती थी।'

इन सबसे भी बड़ा और महत्वपूर्ण सवाल है कि आखिर बांग्लादेश और म्यांमार से मुसलमान आखिर इतनी बड़ी संख्या में भारत की सीमा में घुस कैसे रहे हैं? क्या सीमा की सुरक्षा राज्यों के हाथों में है? अगर नहीं तो घुसपैठ के लिए राज्य सरकारें जिम्मेदार कैसे हुईं? क्या घुसपैठियों की बाढ़ यह नहीं बताती है कि बीएसएफ सीमा की सुरक्षा की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर रहा है और वह घुसखोरी के दलदल में आकंठ डूब गया है? माना कि सीमा पर मजबूत बाड़ नहीं होने के कारण घुसपैठियों पर कड़ी नजर रख पाना बहुत चुनौतीपूर्ण है।

### सूडोकू बवताल-5327

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

- ■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- ■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- ■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- ■ पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू बवताल -5326 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

### अपना ब्लॉग

### उत्तराखंड का जवाब दीजिए

**मोहन।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि झारखंड के संथाल परगना और कोल्हान में आदिवासी आबादी घट रही है जबकि मुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ रही है। क्या ऐसा सिर्फ झारखंड या विपक्ष शासित राज्यों में ही हो रहा है? उत्तराखंड में तो लगातार दूसरी बार बीजेपी की ही सरकार बनी है तो वहां अचानक विदेशी मुसलमानों की बाढ़ कैसे आ गई? हिमाचल प्रदेश में भी तो कुछ महीने पहले बीजेपी की ही सरकार थी, वहां घुसपैठिये कैसे आ गए? मणिपुर में महीनों से हिंदू मैतेई को कुकी आतंकवादियों से सुरक्षा क्यों नहीं दी जा सकी जबकि वहां तो बीजेपी की ही सरकार है? फिर केंद्र सरकार ने मणिपुर का प्रशासन अपने नियंत्रण में ले रखा है, फिर भी हमले क्यों हो रहे हैं? क्यों स्थानीय लोगों को कहना पड़ रहा है कि हमले होते रहते हैं और सीआरपीएफ मूकदर्शक बनी रहती है?





## गजनी 2 को लेकर आमिर खान ने कस ली है कमर

आमिर खान अपनी अगली फिल्म को लेकर एक बार फिर से चर्चा में हैं। कहा जा रहा है कि एक्टर जिस अगली फिल्म की चर्चा कर रहे हैं वो एक सुपरहीरो फिल्म हो सकतीस है। इसके अलावा उनकी पिछली फिल्म गजनी 2 को लेकर भी बातें हो रही हैं।
आमिर खान जहां साल 2025 मेंसितारे जमीन परश को लेकर चर्चा में हैं, वहीं खबर है कि अपनी अपकमिंग फिल्मों के लिए वो कई फिल्म निर्माताओं से बात कर रहे हैं। पिंकविला ने हाल ही में बताया था कि आमिर खान अपनी फिल्म अंदाज अपना अपना के निर्देशक राजकुमार संतोषी के साथ एक कॉमिक कैपर पर विचार विमर्श कर रहे हैं। इसे फिलहाल श्चार दिन की जिंदगीश नाम दिया गया है। और अब खबर है कि आमिर खान निर्देशक लोकेश कनगराज के साथ भी बातचीत कर रहे हैं। इस रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि आमिर खान और लोकेश कनगराज एक सुपरहीरो फिल्म को लेकर चर्चा कर रहे हैं। लोकेश कनगराज और आमिर खान पिछले कुछ महीनों में कई बार मिल चुके हैं और अपनी इस फिल्म को लेकर बातचीत कर रहे हैं। सूत्र ने बताया है, आमिर सितारे जमीन पर फिल्म में व्यस्त हैं और इसके बाद वे राजकुमार संतोषी, जोया अखघ्तर या अविनाश अरुण में से किसी एक के साथ 2025 में फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे।

## खतरे को खत्म करने निकले हनी–बनी वरुण धवन और सामंथा

वरुण धवन और सामंथा रूथ प्रभु स्टारर सिटाडेलः हनी बनीश का एक्शन से भरपूर सीरीज का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस अपकमिंग सीरीज के ट्रेलर का फैन्स को बेसब्री से इंतजार था। दोनों अपनी इस अपकमिंग सीरीज में जासूस के किरदार में नजर आने वाले हैं। करीब 2 मिनट 51 सेकंड के सिटाडेलः हनी बनी का ये ट्रेलर काफी दमदार और एक्शन से भरपूर है। हालांकि, इस ट्रेलर में बातों से ज्यादा गोलियों की आवाज आप सुन सकते हैं। यह ट्रेलर 90 के दशक की एक रोमांचक और दिलचस्प स्पाई थ्रिलर सीरीज है, जिसमें धमाकेदार एक्शन, हाई–ऑक्टेन स्टंट्स और रोमांच से भरपूर पल शामिल हैं। कहानी में स्टंटमैन बनी हनी (समांथा) हैं, जिसमें वे जासूसी और धोखे की दुनिया में फंस जाते हैं। सालों बाद, जब उनका खतरनाक अतीत सामने आता है तो अलग हो चुके हनी और बनी को अपनी बेटी नादिया की सुरक्षा के लिए फिर से एकजुट होकर लड़ना पड़ता है। वरुण धवन ने कहा, बनी मेरे अब तक के निभाए गए किसी भी किरदार से बिल्कुल अलग है।

## हरिवंश राय बच्चन की पहली पत्नी के बारे में अमिताभ ने कही ये बात



सदी के महानायक अमिताभ बच्चन, जाने–माने कवि हरिवंश राय बच्चन के बेटे हैं। जिन्होंने साहित्य के क्षेत्र में अपना अमूल्य योगदान दिया है। उनकी कविताएं आज भी बिग बी जगह–जगह सुनाते रहते हैं। उन्होंने अपना काफी जीवन अपने माता–पिता के साथ बिताया है। इसलिए उनके पास उनसे जुड़े तमाम किस्से और कहानियां आज भी मौजूद हैं। इसी में एक बात का खुलासा उन्होंने श्कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16श में किया है। अमिताभ बच्चन ने बताया कि उनके पिता हरिवंश राय बच्चन ने मां तेजी बच्चन से पहले एक और शादी की थी। उनकी पहली पत्नी का नाम श्यामा बच्चन था। लेकिन शादी के कुछ महीनों बाद ही उनका निधन हो गया था। बताया जाता है कि श्यामा बच्च को टीबी था। और जब वह गुजरीं तो हरिवंश राय बच्चन गहरे सदमे में चले गए थे। उन्हें बहुत धक्का लगा था। अमिताभ बच्चन ने कौन बनेगा करोड़पति 16 में बताया, मेरे बाबूजी की पहली पत्नी का निधन हो गया था। उसके बाद वो गंभीर स्थिति में चले गए। बहुत डिप्रेस्ड स्टेट में और जितनी भी कविता उन्होंने लिखी, उस जमाने में डार्क थीं। बहुत दुख के साथ भरी हुई थी। बता दें कि हरिवंश राय की शादी श्यामा से 1926 में हुई। टीबी की लंबी बीमारी के बाद 1936 में उनका निधन हो गया था। इसके बाद उन्होंने 1941 में तेजी सूरी से शादी की थी।

# सलमान खान की वाई प्लस सुरक्षा में बढ़ाया गया एक और घेरा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



अपने करीबी दोस्त और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद जहां सलमान खान गहरे सदमे में हैं, वहीं एक्घ्टर की सुरक्षा में एक और घेरा बढ़ा दिया गया है। जबकि अब बाबा सिद्दीकी की हत्या और लॉरेंस बिश्नोई गैंग से खतरे के कारण एक्टर की वाय–प्लस सुरक्षा में एक और घेरा बढ़ा दिया गया है। मुंबई पुलिस अब अपनी निगरानी और कड़ी कर दी है। सलमान खान को अप्रैल महीने में ही वाई–प्लस सुरक्षा दी गई थी। इसमें एक्घ्टर की गाड़ी के साथ–साथ पुलिस एस्कॉर्ट गाड़ी भी चलती है। साथ ही हथियारों से लैस जवान मौजूद होते हैं। अब मुंबई पुलिस ने इसमें एक और लेयर यानी घेरा बढ़ाने का फैसला किया है। बताया जाता है कि अब सलमान खान के साथ हर वक्त एक प्रशिक्षित कांस्टेबल रहेगा, जो हर तरह के हथियार चलाने में माहिर होगा।

**सलमान पर अलग से रहेगी बॉडीगार्ड शेरा की घेराबंदी**
यह सुरक्षा सलमान खान के पर्सनल बॉडीगार्ड शेरा और उनकी प्राइवेट सिक्योरिटी से अलग होगी। अप्रैल महीने में सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट्स पर फायरिंग हुई थी। इस हमले की जिम्मेदारी भी लॉरेंस बिश्घ्नोई के गैंग ने ली थी। इसके बाद ही सलमान खान बुलेट प्रूफ गाड़ी में चलते हैं।

**जहां भी जाएंगे सलमान, वहां पहले से तैनात रहेगी पुलिस**
रिपोर्ट में कहा गया है कि सलमान खान अब जिस भी इलाके में शूटिंग के लिए जाएंगे, वहां के स्थानीय पुलिस स्टेशन को उनके ठिकाने के बारे में सूचित कर दिया जाएगा। पुलिस की एक टीम शूटिंग लोकेशन की पहले से ही निगरानी करेगी। इसके अलावा



महाराष्ट्र के पनवेल में सलमान खान के फार्महाउस की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। फार्महाउस के अंदर और बाहर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है।

**पनवेल के पूरे रास्ते में नाकाबंदी, हर गाड़ी की होगी जांच**
पुलिस ने इसके अलावा, नवी मुंबई पुलिस में कई जगहों पर नाकेबंदी की है, ताकि फार्महाउस के आसपास आने–जाने वाले वाहनों की जांच की जा सके। फार्महाउस तक जाने के लिए केवल एक ही सड़क है, जो एक गांव से होकर गुजरती है। इसी साल जून में, मुंबई पुलिस ने फार्महाउस के पास सलमान खान को मारने की योजना को विफल कघ्यिा था। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सलमान खान की कार को रोककर ।झ–47 राइफल से उन्हें गोली मारने का प्घ्लान बनाया था। यह घटना गैलेक्सी अपार्टमेंट पर हुई गोलीबारी के दो महीने बाद हुई।

**बिग बहस 18 के लिए शूटिंग कर रहे हैं सलमान**
सलमान खान इन दिनों रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 18 को होस्ट कर रहे हैं। आगे अब जब वह शो के लिए श्वीकेंड का वारश एपिसोड की शूटिंग करेंगे, तो पुलिस की टीम पहले से ही लोकेशन पर मौजूद रहेगी। एक्घ्टर के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी जाएगी। पुलिस सूत्रों के हवाले से कहा गया है, श्सलमान को हाल ही में मिली जान से मारने की धमकियों के बाद, उनके साथ एक व्यापक सुरक्षा बल था। शूटिंग के दौरान भी यह हमेशा की तरह मौजूद रहेगा। फिलहाल, सलमान के शेड्यूल में भी कोई बदलाव नहीं हुआ है।

**सिकंदर के अगले शेड्यूल की भी होगी शूटिंग**
सलमान इसके अलावा अपनी अगली फिल्म सिकंदर की भी शूटिंग कर रहे थे। हालांकि, सुरक्षा कारणों से अभी अगले शेड्यूल को फिर से प्लान किया जा रहा है। बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात, 12 अक्टूबर को मुंबई में उनके दफ्तर के बाहर ही गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, इनमें साजिश रचने वाले और शूटर्स शामिल हैं।

# देवोलीना भट्टाचार्जी ने करवाया मैटरनिटी फोटोशूट

*गोपी बहू देवोलीना भट्टाचार्जी शादी के बाद पहली बार मां बनने जा रही हैं, और काफी एक्साइटेड हैं। उन्होंने हाल ही मैटरनिटी फोटोशूट करवाया। देवोलीना तस्वीरों में बेबी बंप फ्लॉन्ट करते हुए पति शहनवाज संग रोमांटिक होती नजर आ रही हैं।*



टीवी की गोपी बहू देवोलीना भट्टाचार्जी जल्द ही मां बनने वाली हैं। वह अपने इस प्रेग्नेंसी फेज को खूब इंजॉय कर रही हैं। देवोलीना ने हाल ही मैटरनिटी फोटोशूट करवाया, जिसकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं। तस्वीरों में देवोलीना बेहद खूबसूरत लग रही हैं। उनके चेहरे पर प्रेग्नेंसी ग्लो और पहली बार मां बनने की खुशी की चमक खूब झलक रही है।

**पति संग रोमांटिक होते हुए फ्लहन्ट किया बेबी बंप**
देवोलीना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मैटरनिटी फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इनमें वह किसी तस्वीर में पति शहनवाज संग रोमांटिक होती नजर आ रही हैं, तो किसी में बेबी बंप को सहला रही हैं। तस्वीर में उनका प्यारा डॉगी एंजल भी है। तस्वीरें शेयर कर देवोलीना ने लिखा है, श्पैरेंट्स के रूप में हमारी एडवेंचर भरी जर्नी जल्द शुरू होने वाली है और मैं इसके लिए बहुत एक्साइटेड हूं।श

**फैंस ने उड़ेला प्यार, किए दिल छू लेने वाले कमेंट्स**
इन तस्वीरों पर प्यार लुटाते हुए फैंस ने दिल छू लेने वाले कमेंट्स किए हैं। एक ने लिखा है, श्किसी की नजर ना लगे। बहुत खूबसूरत।श एक और कमेंट है, बहुत सुंदर लग रही हो देवोलीना। फैंस के अलावा कपल के दोस्तों ने भी उन्हें बधाई दी है और प्यार उड़ेला है।

**देवोलीना की गोदभराई**
हाल ही देवोलीना की गोदभराई की रस्म हुई, जिसमें वह पिंक कलर की साड़ी में बहुत ही ज्यादा खूबसूरत लग रही थीं। देवोलीना ने साल 2022 में शहनवाज से शादी की थी, जोकि उनके जिम ट्रेनर रहे। हाल ही वह टीवी शो श्छठी मैयाश में नजर आईं, पर प्रेग्नेंसी की वजह से इसे बीच में ही छोड़ दिया।

# जानिए क्या है बिंज ड्रिंकिंग और इसके गंभीर नुकसान

*गलत तरीके से शराब का सेवन करने के कारण स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती है, साथ ही यह आपकी यह आदत आपकी सुरक्षा को भी खतरे में डाल सकती है। अगर आप हफ्ते में सिर्फ एक बार पीते हैं लेकिन आप 5 से 6 ड्रिंक या इससे ज्यादा पी रहे हैं तो यह हैवी ड्रिंकिंग की कैटेगरी में आता है।*



**क्या है बिंज ड्रिंकिंग?**

बिंज ड्रिंकिंग में पुरुष 2 घंटे के अंदर 5 या उससे ज्यादा ड्रिंक पीते हैं। वहीं महिलाएं 2 घंटे के अंदर कम से कम 4 ड्रिंक पीती हैं। बिंज ड्रिंकिंग का सेहत पर बहुत ही बुरा असर पड़ता है और यह कई गंभीर बीमारियों की वजह बन सकता है। यदि आपके शराब पीने के कारण आपके दैनिक जीवन में बार–बार समस्याएं हो रही हैं या फिर इसका असर आपके पेशेवर जीवन पर भी पड़ रहा है तो आपको अल्कोहल यूज डिसऑर्डर होने की संभावना है। यह हल्के से गंभीर हो सकता है। इसके गंभीर रूप लेने पर व्यक्ति को तुरंत इलाज की जरूरत होती है।

**बिंज ड्रिंकिंग का सेहत पर प्रभाव**

कई शोधकर्ताओं ने इस बात का खुलासा किया है कि बिंज ड्रिंकिंग के कारण होने वाले एक्सीडेंट में लोगों की मृत्यु हो जाती है। इसके अलावा इसकी वजह से अल्कोहल प्वाइजनिंग और सुसाइड के भी कई मामले देखे गए हैं। बिंज ड्रिंकिंग के अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रभावों प्रभाव कुछ इस प्रकार हैं जैसे अल्पकालिक प्रभाव, डिहाइड्रेशन, नींद की कमी, डिप्रेशन, लो ब्लड प्रेशर, सांस से जुड़ी समस्या, दीर्घकालिक प्रभाव, वजन बढ़ाना, हाई ब्लड प्रेशर, नींद में गड़बड़ी, मेंटल हेल्थ से जुड़ी समस्याएं, युवाओं में स्मृति से जुड़ी समस्या, कमजोर इम्यूनिटी, हार्ट डिजीज, लिवर से जुड़ी बीमारी, स्ट्रोक और कैंसर।

**बिंज ड्रिंकिंग और अल्कोहल यूज डिसऑर्डर**

एक्सपर्ट्स के अनुसार 10 में से 9 बिंज ड्रिंकिंग के शिकार लोग शराब पर निर्भर नहीं रहते हैं लेकिन उनमें अल्कोहल यूज डिसऑर्डर होने की संभावना अधिक रहती है। खासतौर पर उन लोगों में यह विकार अधिक होता है जो किशोरावस्था ही अधिक मात्रा में शराब का सेवन करते हैं। किशोरावस्था में अधिक शराब पीने वालों में इस विकार के विकसित होने की संभावना लगभग तीन गुना ज्यादा होती है।

**बिंज ड्रिंकिंग से बचाव**

बिंज ड्रिंकिंग से बचने के लिए आप यह तरीके अपना सकते हैं– एक समय पर अधिक शराब के सेवन करने से बचें। एक्सपर्ट्स के अनुसार महिलाओं को एक दिन में सिर्फ एक ड्रिंक ही लेनी चाहिए। इसके अलावा पुरुषों को दो से अधिक ड्रिंक पीने से बचाना चाहिए। शराब का सेवन करने से पहले आप यह तय कर लें कि आपको कितना पीना है। केवल भरोसेमंद लोगों के साथ ही ड्रिंक करने की कोशिश करें जिससे आप सुरक्षित रहें।



## 40 के बाद महिलाओं को एसी रूम में भी क्यों छूटता है पसीना

आप रात में एसी रूम में आराम से सोई हैं। अचानक आपको गर्मी लगने लगती है और आपका चेहरा पसीने से भीग जाता है। आपको बेचौनी होने लगती है। आप खिड़की खोल देती हैं जिससे पति चिढ़ जाते हैं। उन्हें समझ नहीं आता कि एसी कमरे में आपको इतना पसीना क्यों आ रहा है। ऐसा हॉट फ्लैशेज के कारण होता है। मेनोपॉज के दौरान हॉट फ्लेशेज की वजह से अधिक पसीना आने से महिला का शरीर डिहाइड्रेट हो जाता है, जिससे बेचौनी बढ़ जाती है। जानकारी के अभाव में महिलाओं को तकलीफ तो होती है, लेकिन उन्हें तकलीफ की वजह पता नहीं होती। महिलाओं को मेनोपॉज के बारे में विस्तृत जानकारी देने और अपनी सेहत के प्रति जागरूक रहने के लिए हर साल वर्ड मेनोपॉज डे मनाया जाता है। इस साल वर्ल्ड मेनोपॉज डे 18 अक्टूबर को मनाया है। हमारी भी यही कोशिश है कि हम महिलाओं को मेनोपॉज के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दें ताकि उन्हें इस फेज को समझने में आसानी हो। ओब्स्टेट्रिशियन और गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. सुरभि सिद्धार्थ बता रही हैं मेनोपॉज के दौरान होने वाले हॉट फ्लैशेज की वजहें और उपाय। हॉट फ्लैशेज का संबंध मेनोपॉज से है इसलिए इसी समय इसकी शुरुआत होती है। मेनोपॉज आमतौर पर 45 से 50 की उम्र के बीच होता है। इसी समय हॉट फ्लैशेज की भी शुरुआत होती है। इस दौरान महिलाओं को एसी के सामने बैठकर या कड़ाके की सर्दी में भी पसीना आता है।

# ऑटोइम्यून थायरॉयडिटिस में शरीर खुद को ही नष्ट कर सकता है

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*थायराइड में सूजन होने पर थायरॉयडिटिस की समस्या हो जाती है। कभी कभी ऐसा इसलिए होता है क्योंकि जब हमारा शरीर एंटीबॉडी बनाता है तो वह गलती से थायराइड पर अटैक कर देता है। इस स्थिति को ऑटोइम्यून थायरॉयडिटिस, क्रोनिक लिम्फोसाइटिक थायरॉयडिटिस, हाशिमोटो थायरॉयडिटिस या हाशिमोटो रोग भी कहा जाता है।*

**क्या है अहृटोइम्यून थायरहृयडिटिस?**

यह एक ऑटोइम्यून डिसऑर्डर है जो थायराइड ग्रंथि को प्रभावित करता है। जब इम्यून सिस्टम हेल्दी टिशु को अटैक करने लगता है तो ऑटोइम्यून डिसऑर्डर की समस्या होती है। इस बीमारी में इम्यून सिस्टम की सेल्स थायराइड हार्मोन को खत्म कर देती हैं। इस बीमारी में हार्मोन उत्पादन में गिरावट (हाइपोथायरायडिज्म) होती है। यह समस्या किसी को भी हो सकती है। खासतौर पर मध्यम आयु वर्ग की महिलाओं में इसके होने की संभावना अधिक रहती है। इसका प्राथमिक उपचार थायराइड हॉर्मोन रिप्लेसमेंट है।

**अहृटोइम्यून थायरहृयडिटिस के लक्षण**

हो सकता है शुरुआत में आपको कोई भी लक्षण ना दिखाई दे लेकिन जैसे–जैसे यह बीमारी बढ़ती है आपका थायराइड भी बड़ा हो सकता है। इस स्थिति को गोइटर कहते हैं। इसमें आपकी गर्दन का सामने का हिस्सा सूजा हुआ दिखेगा और गला भी भरा हुआ महसूस होगा। थायराइड छूने पर सॉफ्ट भी महसूस हो भी सकता या नहीं भी हो सकता है। ऑटोइम्यून थाइरॉएड डिजीज के लक्षण कुछ इस प्रकार हैं जैसे थकान, ठंड के प्रति संवेदनशीलता, सूजा हुआ चेहरा, शौच करने में परेशानी, सूजी हुई जीभ, पीली ड्राई स्किन, हेयरफॉल, वजन बढ़ना, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, डिप्रेशन, मेमोरी कम होना और पीरियड्स में हैवी ब्लीडिंग।



**अहृटोइम्यून थायरहृयडिटिस का कारण**

इम्यून सिस्टम थायराइड सेल्स पर अटैक करती हैं जैसे कि वह बैक्टीरिया या वायरस हो। इम्यून सिस्टम गलत तरीके से रोग से लड़ने वाले एंटजों को शामिल कर लेती है जो कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं और उनके नष्ट होने का कारण भी बनते हैं। आमतौर पर इम्यून सिस्टम हमारे शरीर को बैक्टीरिया और वायरस से बचाती है लेकिन ऑटोइम्यून थाइरॉएडिज्म में ऐसा नहीं होता है। हालांकि इसका कोई स्पष्ट कारण नहीं है लेकिन इस बीमारी की शुरुआत ऐसे हो सकती है जैसे आपकी प्रतीक्षा प्रणाली एंटीबॉडीज बनाती है जो अज्ञात कारणों से आपके थायराइड टिशु पर अटैक करती है। आपके थायराइड में बड़ी संख्या में व्हाइट ब्लड सेल्स (विशेष रूप से लिम्फोसाइट्स) इकट्ठा हो जाती है। समय के साथ यह डैमेज आपके शरीर की जरूरत के अनुसार पर्याप्त थायराइड हार्मोन बनाने से रोक सकती है और यह हाइपोथायरायडिज्म का कारण बनता है। हालांकि यह जरूरी नहीं है कि जो कोई भी हाशिमोटो रोग से पीड़ित है उसे हाइपोथायरायडिज्म की समस्या हो।

**अहृटोइम्यून थायरहृयडिटिस का निदान**

आपको थायराइड हॉर्मोन लेवल की जांच करने के लिए डॉक्टर आपको ब्लड टेस्ट की सलाह दे सकते हैं। इस टेस्ट से थायरोपेरोक्सीडेज एंटीबॉडीज का भी पता लगाया जाता है। यदि ब्लड टेस्ट के जरिए चीजें क्लियर नहीं होती हैं तो अल्ट्रासाउंड भी करवा सकते हैं। खासतौर पर यदि परिवार में पहले से ही किसी को थायराइड की समस्या है तो डॉक्टर आपको इसकी सलाह दे सकते हैं।

**अहृटोइम्यून थायरहृयडिटिस का इलाज**

अगर आपको हाई एंटीबॉडी लेवल की समस्या है लेकिन आपको क्लीनिकल हाइपोथायरायडिज्म नहीं है तो डॉक्टर आपके थायराइड लेवल की जांच करने के बाद डॉक्टर आपको कुछ दवाइयों का सेवन करने की सलाह दे सकते हैं।

## मसल्स क्रैंप, थकान, बुखार और सिरदर्द... कही बालो रोग के संकेत तो नही

बालो रोग को बालो कंजेन्ट्रिक स्क्लेरोसिस के नाम से भी जाना जाता है। एक दुर्लभ और गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी है, जो मस्तिष्क के केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है। इसके कारण मांसपेशियों में ऐंठन और लकवा जैसी समस्या हो सकती है। यह रोग अक्सर मल्टीपल स्क्लेरोसिस के समान होता है, लेकिन इसकी विशेषताएं इसे अलग बनाती हैं। लोगों में इस बीमारी का प्रभाव भिन्न दिखाई दे सकता है। इस रोग की शुरुआत आमतौर पर अचानक होती है और इसके लक्षण धीरे–धीरे गंभीर हो सकते हैं। यह रोग मस्तिष्क के संचार और तंत्रिका तंत्र की कार्यक्षमता को सीधा प्रभावित करती है, जिससे मरीज के डेली रूटीन में मुश्किलें पैदा हो सकती हैं। बालो रोग के लक्षणों और इलाज की जानकारी होना महत्वपूर्ण है, ताकि इसके शुरुआती लक्षणों की पहचान कर समय पर चिकित्सा सहायता ली जा सके। इस लेख में हम बालो रोग के कारण, लक्षण, निदान, उपचार और इससे बचाव के उपायों के बारे में सबकुछ जानेंगे। बालो रोग का मुख्य कारण अभी पूरी तरह से पता नहीं लग सका है, लेकिन इसे एक ऑटोइम्यून विकार माना जाता है।

## दिवाली से पहले बिक रहे जहरीले बादाम, कैंसर का है खतरा



फेस्टिव सीजन जारी है और जल्द ही दिवाली का पर्व भी आने वाला है। जाहिर है दिवाली पर विभिन्न तरह के पकवान और मिठाई बनाई जाती हैं। इस दिन उपहार लेने–देने का प्रचलन भी है। उपहार हों या पकवान सभी में बादाम का खूब इस्तेमाल किया जाता है। बादाम से कई तरह के मिठाई–पकवान बनाए जाते हैं और उपहार के रूप में भेंट किये जाते हैं। सोचो क्या हो, जो बादाम आप इस्तेमाल कर रहे हैं वो नकली हों, जहरीले हों या बेहद घटिया किस्म के हों। बादाम ऐसा नट है जो बेहतर पौष्टिक, स्वादिष्ट और फायदेमंद है। हालांकि बादाम में मिलावट आपके लिए गंभीर खतरा बन सकती है। हाइड्रोजन पेरोक्साइड जैसे रसायन पेट और आंतों की परत को खराब करते हैं जिससे आपको पेट दर्द, मतली, उल्टी और दस्त जैसे लक्षण हो सकते हैं। लंबे समय तक ऐसे बादाम खाने से आपको गंभीर पाचन विकार हो सकते हैं। लंबे समय तक मिलावटी बादाम खाने से शरीर में विषाक्ता पैदा हो सकती है। इनमें पाए जाने वाले केमिकल्स लिवर और किडनी को डैमेज कर सकते हैं और शरीर में हार्मोनल संतुलन को बिगाड़ सकते हैं। कुछ ब्लीचिंग एजेंट शरीर में कैंसर भी पैदा कर सकते हैं। ऐसे बादाम खाने से कुछ लोगों को रसायनों की वजह से एलर्जी हो सकती है। इससे उन्हें हल्के लक्षण जैसे खुजली और चकत्ते से लेकर गंभीर स्थिति जैसे एनाफिलैक्सिस तक हो सकती हैं।



**रोहित शर्मा बनने वाले हैं नंबर वन**

रोहित शर्मा इस सीरीज के दो मैच जीतते हैं तो बराबरी कर लेंगे, जबकि तीनों जीतने पर विराट कोहली को पीछे छोड़कर नंबर वन भारतीय कप्तान बन जाएंगे। देखने वाली बात हालांकि यह है कि बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में पहला टेस्ट कब शुरू हो सकेगा। मैच के सभी पांचों दिन बारिश की संभावना है। ओवरकास्ट कंडीशन में पेसरों का जलवा देखने को मिल सकता है।

## खतरे में विराट कोहली का सबसे बड़ा कप्तानी रिकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरु। भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला बारिश की वजह से टाइम पर शुरू नहीं हो सका है। पिछले कई दिनों से बेंगलुरु में जबरदस्त बारिश हो रही है। बारिश का आलम इस बात से समझा जा सकता है कि एक दिन पहले ही लोगों ने अपनी कारें बारिश के पानी में डूबने से खराब होने के डर से फ्लाई ओवर पर पार्क कर दी थी। अभी भी बारिश हो रही है। यही वजह है कि मैच में 9 बजे शेड्यूल टॉस अभी तक नहीं हो सका है। खैर, आईसीसी विश्व टेस्ट चौंपियनशिप 2023–2025 के तहत यह सीरीज भारत के लिए काफी अहम है। टीम इंडिया अगर इस सीरीज के सभी 3 मैच जीत लेती है तो उसका ˘ज्ब थ्पदंस में पहुंचना आसान हो जाएगा। यह सीरीज न केवल भारत के लिए, बल्कि रोहित शर्मा के लिए भी खास हो सकती है। उनके निशाने पर पूर्व कप्तान विराट कोहली का एक बड़ा रिकॉर्ड है। विराट कोहली की कप्तानी में भारतीय टीम ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में कुल 22 मैच खेले, जबकि 14 मैच जीते, जबकि 7 मैचों में हार मिली। एक मैच ड्रॉ रहा। दूसरी ओर, रोहित शर्मा बेहद तेजी से उनके इस रिकॉर्ड करीब पहुंचते दिख रहे हैं।

# भारत को चैंपियन बनाने वाले दिग्गज को सौंपी जिम्मेदारी

**क्रिकेट**

## मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 से पहले नए कोच का किया एलान



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पारस म्हाम्ब्रे को मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 से पहले अपना बॉलिंग कोच बना लिया हैं। पारस अब मौजूदा गेंदबाजी कोच लसिथ मलिंगा के साथ काम करेंगे। मुंबई इंडियंस ने हाल ही में एक रिलीज जारी करते हुए इसकी जानकारी दी है। कुछ समय पहले मुंबई इंडियंस ने महेला जयवर्धन को हेड कोच की जिम्मेदारी दी।

एक आधिकारिक रिलीज में मुंबई इंडियंस ने कहा कि मुंबई इंडियंस ने आज गेंदबाजी कोच के रूप में पारस म्हाम्ब्रे की वापसी और नियुक्ति की घोषणा की। पारस जो मुख्य कोच महेला जयवर्धने के तहत कोचिंग टीम के हिस्से के रूप में मौजूदा समय में गेंदबाजी कोच लसिथ मलिंगा के साथ काम करेंगे।

पारस म्हाम्ब्रे पहले मुंबई इंडियंस कोचिंग टीम का हिस्सा थे। टीम ने आईपीएल 2013, चैंपियंस लीग टी20 (2011, 2013), उपविजेता फिनिश (2010), और आईपीएल में दो और प्लेऑफ मैच जीते थे। म्हाम्ब्रे की बॉलिंग कोच के कार्यकाल के दौरान भारत ने टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीता।

भारतीय टीम के पूर्व बॉलिंग कोच पारस म्हाम्ब्रे इससे पहले भी मुंबई टीम के कोचिंग स्टॉफ का चार साल तक हिस्सा रह चुके हैं। अब उन्हें फिर से मुंबई टीम में दोबारा वापसी की और उन्हें एक बड़ी जिम्मेदारी मिल गई है। म्हाम्ब्रे इस साल के अंत में होने जा रहे मेगा ऑक्शन में भी मौजूद रहेंगे। पिछले 12 सालों से उन्होंने महाराष्ट्र, बंगाल, बड़ौदा और विदर्भ को कोचिंग दी है। पारस म्हाम्ब्रे ने साल1996 में इंग्लैंड दौरे पर दो टेस्ट और 3 वनडे मैचों में भारत के लिए खेले। दो टेस्ट मैचों में उन्होंने दो विकेट और तीन वनडे मैच खेलते हुए तीन विकेट चटकाए हैं। मुंबई के लिए उन्होंने 91 फर्स्ट क्लास मैच खेले।

आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस की टीम का प्रदर्शन बेहद ही निराशाजनक रहा। रोहित शर्मा से कप्तानी छीनकर हार्दिक पांड्या को टीम की कमान दी गई और हार्दिक की कप्तानी में टीम कुछ खास नहीं कर सकी। हार्दिक को कप्तान बनाए जाने के फैसले से फैंस काफी नाराज नजर आए। स्टेडियम में हार्दिक को हूटिंग का भी सामना करना पड़ा। आईपीएल 2024 में मुंबई की टीम 10 में सिर्फ 4 मैचही जीतने में कामयाब हो पाई थी और टीम ने प्लेऑफ के लिए भी क्वालीफाई नहीं किया था।

# बारिश की वजह से डब्ल्यूटीसी फाइनल पर पड़ेगा असर ?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज बुधवार से शुरुआत हुई। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में बारिश की वजह से पहले टेस्ट के पहले सेशन रद्द हो गया है। अब देखना होगा कि कब ये मैच शुरू होता है।

बता दें कि रोहित शर्मा की कप्तानी भारतीय टीम के लिए ये टेस्ट सीरीज जीतना काफी अहम है। अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया 3–0 से टेस्ट सीरीज जीत जाती है तो वह डब्ल्यूटीसी के लिए लगभग अपनी जगह बना लेगी। वहीं, अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया टेस्ट सीरीज हार जाती है या फिर सीरीज ड्रॉ पर समाप्त होती है, तो इसका असर डब्ल्यूटीसी के समीकरण पर पड़ेगा। आइए जानते हैं कैसे।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतना भारत के लिए जरूरी

दरअसल, भारत–न्यूजीलैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज में अगर टीम इंडिया 3–0 से जीत दर्ज कर लेगी तो वह वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप के फाइनल में जगह लगभग बना लेगी। इसके साथ ही उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी एक मैच जीतना होगा। अगर ऐसा हो जाता है तो भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना लेगा।

बता दें कि डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने के लिए भारतीय टीम को अपने 8 टेस्ट में से सिर्फ 4 में जीत हासिल करनी होगी। मौजूदा समय में वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप के प्वाइंट्स टेबल में भारत टॉप पर है। टीम इंडिया ने 11 टेस्ट खेलकर 8 में जीत दर्ज की है, जबकि 2 मुकाबले हार का सामना किया है।

वहीं, 1 टेस्ट मैच ड्रॉ रहा। भारत के पास 98 अंक हैं और विनिंग प्रतिशत 74.24 है। वहीं, दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया की टीम 8 मैच में जीत और 3 में हार के साथ मौजूद है।

आईसीसी ने पिछले महीने में ये एलान किया था कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के तीसरे सेशन का फाइनल अगले साल यानी 2025 में 11 से 15 जून के बीच लॉर्ड्स में खेला जाएगा। आईसीसी ने इस मैच के लिए 16 जून को रिजर्व डे रखा है। पहली बार डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी लॉर्ड्स के पास है।

## भारतीय महिला टीम के प्रदर्शन पर भड़कीं पूर्व कप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज ने मंगलवार को महिला टी–20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के लिए पिछले तीन वर्षों में खेल के विभिन्न विभागों में सुधार करने में विफल रहने को जिम्मेदार ठहराया। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में यह पहली बार है कि भारत आईसीसी टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में क्वालीफाई करने में विफल रहा।

मिताली ने कहा, टीम के पतन का कारण यूएई की परिस्थितियों से जल्दी सामंजस्य बैठाने में विफल रहने के साथ बल्लेबाजी में स्पष्टता की कमी और खराब क्षेत्ररक्षण था। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध मैच हम जीत सकते थे। हमारे पास मौके थे लेकिन ऐसा लग रहा था कि हम उसी परिपाटी का पालन कर रहे हैं जिसमें मैच को आखिरी ओवरों तक ले जाकर हार का सामना करना शामिल है। यह रणनीति कारगर नहीं है। मुझे लगता है कि पिछले दो–तीन वर्षों में मैंने वास्तव में इस टीम में कोई विकास नहीं देखा है।

## न्यूज डायरी



### भारत का नाम लेना ड्रेसिंग रूम में हुआ बैन, मोहम्मद हारिस ने किया है खुलासा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इमर्जिंग एशिया कप की शुरुआत 18 अक्टूबर से मस्कट में हो रही है। टूर्नामेंट से ठीक पहले पाकिस्तान ए के कप्तान मोहम्मद हारिस ने एक हैरान करने वाला खुलासा किया है। हारिस ने एक वीडियो में बताया कि उनके ड्रेसिंग रूम में भारत के बारे में बात करना बैन है। कप्तान हारिस खुद भी मैनेजमेंट के इस फैसले से हैरान हैं। इस फैसले के बाद पाकिस्तान ए टीम का कोई भी खिलाड़ी टूर्नामेंट के दौरान भारत के बारे में बात नहीं करेगा। हालांकि, मोहम्मद हारिस ने यह भी बताया कि ड्रेसिंग में भारत के बारे में बात करना क्यों बैन किया गया है। पाकिस्तानी ए टीम का मानना है कि ड्रेसिंग रूम में भारत के बारे में बात करने से खिलाड़ियों पर दबाव बढ़ता है। यही कारण है कि भारतीय टीम के बारे में कोई भी बात नहीं करेगा, जिससे की टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की तैयार जोरदार हो सके। टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले मीडिया से बात करते हुए मोहम्मद हारिस ने कहा, ऐसा पहली बार होगा जब टूर्नामेंट के दौरान हमारी टीम में इंडिया के बारे में बात नहीं करेगा। यह पूरी तरह से बैन होगा। मैं जब 2023 वनडे विश्व कप के दौरान में था तो इंडिया के बारे में खूब बातें होती थी, जिससे की खिलाड़ियों पर दबाव बढ़ गया था। इमर्जिंग एशिया कप कुल 8 टीमों के बीच खेली जानी है, जिसे दो ग्रुप ए और बी में बांटा गया है। ग्रुप ए में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, हॉन्गकॉन्ग और श्रीलंका की टीम शामिल है।

### 43 साल बाद पर्थ में ऑस्ट्रेलिया–इंग्लैंड के बीच होगा पहला मैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार यानी 16 अक्टूबर को पांच टेस्ट एशेज सीरीज के शेड्यूल का एलान किया। एशेज सीरीज ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच इस बार पर्थ में खेली जाएगी, जिसका पहला टेस्ट 21 नवंबर से 25 नवंबर 2025 के बीच खेला जाएगा। दूसरा डे–नाइट टेस्ट गाबा में 4 दिसंबर से 8 दिसंबर के बीच होगा। एडिलेड ओवल में तीसरा टेस्ट 17 दिसंबर से 21 दिसंबर के बीच खेला जाएगा और बॉक्सिंग डे टेस्ट 26 दिसंबर से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में होगा। आखिरी और पांचवां टेस्ट 4 जनवरी से 8 जनवरी तक खेला जाएगा। दरअसल, एशेज सीरीज 2025 का पहला मुकाबला पर्थ में खेला जाएगा। ये 1982–83 के बाद पहली बार इस सीरीज का पहला मुकाबला ब्रिसबेन की बजाय पर्थ में हो रहा है। इस बार इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर रही है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पिछले आठ एशेज टेस्ट पर्थ में जीते है और ऐसे में इंग्लैंड के खिलाफ खेले जाने वाले पहले टेस्ट के लिए कंगारू टीम का पलड़ा भारी है। पिछले सीजन में एशेज सीरीज 2–2 से ड्रॉ रही थी। तब ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इंग्लैंड का दौरा किया था। एडिलेड ओवल स्टेडियम ने एशेज टेस्ट की 2013 में मेजबानी की थी, जिसमें तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन ने पहली पारी में 7 विकेट लिए थे और टीम को 218 रन से जीत दिलाई थी।

### श्रीलंका ने डेब्यूटेंट के सहारे वेस्टइंडीज को पटका, निसलंका ने भी लूटी महफिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। श्रीलंका और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जा रही है। इस टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला 15 अक्टूबर को दांबुला के रंगिरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला गया, जिसमें श्रीलंकाई टीम ने वेस्टइंडीज को 73 रन से हराकर सीरीज में बराबरी कर ली। इससे पहले श्रीलंकाई टीम को पहले टी20 मैच में वेस्टइंडीज से 5 विकेट से हार मिली थी। दरअसल, श्रीलंका बनाम वेस्टइंडीज के बीच दूसरा टी20 मैच में टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी श्रीलंका ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 162 रन बनाए। श्रीलंका की टीम के लिए पथुम निसंका ने सबसे बड़ी पारी खेली। उनके बल्ले से 49 गेंदों का सामना करते हुए 9 चौके और 1 छक्के की मदद से 54 रन निकले, जबकि वेस्टइंडीज के लिए रोमारिया शेफर्ड ने सबसे ज्यादा 2 विकेट अपने नाम किए। इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज 16.1 ओवर में 89 रनों पर ढेर हो गई। वेस्टइंडीज की टीम के लिए कप्तान रोवमैन पॉवेल ने 20 रनों की सबसे बड़ी पारी खेली। वेस्टइंडीज टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम को पहला झटका तीसरे ओवर में 12 रन के स्कोर पर ब्रैंडन किंग के रूप में लगा। इसके बाद अगले ओवर में एविन लुईस सस्ते में पवेलियन लौटे।



हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम और महानिदेशक सूचना ने वरिष्ठ पत्रकार के पिता के निधन पर व्यक्त किया दुःख

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वरिष्ठ पत्रकार दीपक बेंजवाल के पिताजी के निधन पर दुःख व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार जनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है। महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने भी वरिष्ठ पत्रकार दीपक बेंजवाल के पिता जी के निधन पर शोक व्यक्त किया और दिवंगत आत्मा की शांति प्रदान करने की कामना की है।

### डीएम आज जनता दरबार आयोजित कर सुनेंगे जन मानस की समस्या

**संवाददाता** देहरादून। जनपद के पर्यटक स्थल मसूरी में जिलाधिकारी सविन बंसल, कल दिनांक 17 अक्टूबर 2024 को भ्रमण निरीक्षण एवं जनता दरबार आयोजित कर सुनेगे लोगों की समस्या। जिलाधिकारी आज नगर पालिका परिषद मसूरी में अपराह्न 1:00 बजे से 2:00 बजे तक जनता दरबार आयोजित कर जन मानस की समस्या सुनेंगे। इससे पहले 11:00 बजे से जिलाधिकारी महोदय, मसूरी में किंक्रेग पार्किंग एवं माल रोड का निरीक्षण करेंगे।

### जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की सांसद राज्य लक्ष्मी शाह ने ली बैठक

**संवाददाता** देहरादून। बुधवार को टिहरी लोकसभा सांसद और जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की अध्यक्ष माला राज्य लक्ष्मी शाह की अध्यक्षता में राजपुर रोड स्थित वन मुख्यालय के मंथन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन हुआ।सांसद ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के साथ ही जनपद में बाढ़, जलभराव एवं आपदा राहत कार्यों सहित अन्य कार्यो की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होने विभागीय अधिकारियों को सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं के कार्यों को गम्भीरता से लेते हुए त्वरित गति से कार्य करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### सीएम ने दी वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने वाल्मीकि जयंती की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में कहा कि उनके जीवन और उनकी रचनाओं से हमें सत्य, प्रेम और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। महर्षि वाल्मीकि जमीन की सतह से धर्म की पराकाष्ठा प्राप्त करने वाले महात्मा थे जिन्होंने आदिकाव्य रामायण जैसे कालजयी ग्रंथ की रचना कर एक आदर्श समाज का चित्रण प्रस्तुत किया।

# शीघ्र 'उत्तराखण्ड राज्य महिला नीति' के प्रारुप को दिया जाए अन्तिम रुप

**बैठक**

- "उत्तराखण्ड राज्य महिला नीति" के प्रारुप को अन्तिम रुप देने को लेकर मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों के साथ की बैठक
- प्रदेश की महिलाओं का आर्थिक व सामाजिक हर तरह से सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सकेः रेखा आर्या

**संवाददाता**



देहरादून। प्रदेश की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने विधानसभा स्थित सभागार कक्ष में "उत्तराखण्ड राज्य महिला नीति" के प्रारुप को अन्तिम रुप देने को लेकर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर समीक्षा की।

बैठक में सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा "उत्तराखण्ड राज्य महिला नीति" के तैयार प्रारुप को मंत्री के समक्ष पावर प्रजेन्टेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इस दौरान मंत्री ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि महिला नीति निर्माण को लेकर बैठक में दिये गये आवश्यक बिन्दुओं को शामिल करते हुए अतिशीघ्र "उत्तराखण्ड राज्य महिला नीति" के प्रारुप को अन्तिम रुप दिया जाय ताकि आगामी 09 नवम्बर को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर "उत्तराखण्ड राज्य महिला नीति" को प्रदेश की महिलाओं को समर्पित किया जा सके।

"उत्तराखण्ड राज्य महिला नीति" के तैयार प्रारुप के अवलोकन के उपरान्त मंत्री ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि "उत्तराखण्ड राज्य महिला नीति" का निर्माण इस प्रकार से किया जाय कि प्रदेश की महिलाओं का आर्थिक व सामाजिक हर तरह से सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने "उत्तराखण्ड राज्य महिला नीति" के तैयार प्रारुप में राज्य बजट में महिलाओं हेतु बजट प्रतिशत निर्धारण करने, मानसिक रुप से अस्वस्थ महिलाओं के उपचार हेतु विशेष केन्द्र खोले जाने, दिव्यांगता की श्रेणी व दिव्यांगता के प्रकार को ध्यान में रखते हुए महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने व सुरक्षा प्रदान करने की व्यवस्था बनाने, आयुवर्ग को ध्यान में रखते हुए अपराधों से सुरक्षा हेतु व्यवस्था बनाने के निर्देश दिये।

महिला कल्याण मंत्री ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति की महिलाओं एवं कामकाजी महिलाओं की चुनौतियों को कम करने हेतु व्यवस्था बनाने, ग्रामीण व शहरी महिलाओं की परिवार, समाज व कार्यक्षेत्र में चुनौतियों को कम करने हेतु व्यवस्था बनाने, ओला, उबर जैसी वाहन सेवा प्रदान करने सम्बन्धी व्यवस्था बनाने, सेक्स वर्कर के पुनर्वास व सक्षमता हेतु व्यवस्था बनाने, रेप जैसी घटनाओं पर रोक लगाने के मकसद से 18 वर्ष से कम आयुवर्ग के बच्चों तक सोशल मीडिया के माध्यम से पहुंचने वाली आपत्तिजनक पोस्ट, वीडियो आदि की पहुंच पर रोक लगाने की व्यवस्था बनाने जैसे बिन्दुओं को भी "उत्तराखण्ड राज्य महिला नीति" में शामिल करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर सचिव महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास चन्द्रेश कुमार यादव, निदेशक पर सचिव महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास प्रशान्त आर्य, अध्यक्ष, राज्य महिला आयोग, कुसुम कण्डवाल तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### सरकार को भी लगा रहे स्टाम्प ड्यूटी में चूना

मंत्री ने महिला नीति बन जाने के बाद समय–समय पर इसकी समीक्षा किये जाने तथा आवश्यकतानुसार संशोधन किये जाने की व्यवस्था बनाने हेतु भी अधिकारियों को निर्देशित किया।

# लाभकारी पैकेज का शत–प्रतिशत कर्मचारी उठा सकेंगे फायदा

**एमओयू**

- कर्मचारियों को कॉरपोरेट सैलरी पैकेज के लिए छह बैंकों के साथ करार

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की उपस्थिति में बुधवार को सचिवालय में सरकारी कार्मिकों के लिए कॉरपोरेट सैलरी पैकेज और अन्य लाभों के लिए उत्तराखण्ड सरकार के साथ भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक और जिला सहकारी बैंक ने एमओयू किया। अभी राज्य के लगभग 64 प्रतिशत सरकारी कार्मिक जिनका सैलरी खाता इन बैंकों में है, वे इस अनुबंध से लाभान्वित होंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सरकारी कार्मिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस अनुबंध का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि ये सभी बैंक कॉरपोरेट सैलरी पैकेज को कर्मचारियों के लिए और लाभकारी बनाने के लिये निरंतर कार्य करते रहेंगें। हमारा प्रयास होगा कि भविष्य में शत–प्रतिशत कर्मचारी इस लाभकारी पैकेज का फायदा उठा सकें। इन बैंकों की शाखाओं में वेतन खातों में वेतन बचत खाते के खाताधारकों को व्यक्तिगत बीमा कवर के साथ–साथ अन्य वित्तीय लाभों की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। इसके अंतर्गत कार्मिकों को दुर्घटनास्वरूप मृत्यु, पूर्ण अपंगता तथा आंशिक अपंगता की स्थिति में उनके आश्रितों को क्षतिपूर्ति के रूप में क्लेम का लाभ तथा अन्य लाभ बिना कोई प्रीमियम किये प्रदान किये जायेंगे।

राज्य सरकार और इन 05 बैंको के मध्य हुए अनुबंध के अनुसार किसी कार्मिक की मृत्यु की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में यह करवेज उनके परिवार को वित्तीय सहायता प्रदान करेगा, जो रू. 30 लाख से रू. 100 लाख के, मध्य होगी। पूर्ण अपंगता की स्थिति में रू. 30 लाख से रू. 50 लाख, तथा आंशिक अपंगता की स्थिति में रू. 10 लाख से रू. 40 लाख तक की वित्तीय सहायता बैंक द्वारा पैकेज के अन्तर्गत प्रदान की जाएगी। कार्मिकों की प्राकृतिक मृत्यु की स्थिति में भी उनके आश्रितों को आने वाली चुनौतियों से बचने में भी बैंक रू. 3 लाख से रू. 10 लाख तक योगदान प्रदान करेगा।

### कर संग्रहण में वृद्धि के लिए और प्रयास किये जाएंः मुख्यमंत्री

**संवाददाता** देहरादून। राज्य में राजस्व वृद्धि के लिए सभी विभागों द्वारा इनोवेटिव प्रयास किये जाएं। विभागों द्वारा राजस्व बढ़ाने के लिए नये स्रोतों पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा जिन योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, उनमें राजस्व प्राप्ति बढ़ाने की दिशा में विभागीय सचिवों द्वारा विशेष ध्यान दिया जाए। विभागों द्वारा राजस्व संग्रहण मे वृद्धि करने के लिए नए तरीके और रणनीति अपनाई जाए। उन्होंने कहा कि कर संग्रहण प्रक्रिया में और सुधार के साथ ही कर चोरी रोकने के लिए नियमित कड़े कदम उठाये जाएं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ये निर्देश सचिवालय में वित्तीय मितव्ययता के संबंध में बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुदृढ़ वित्तीय प्रबन्धन राज्य सरकार का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि हमें स्वयं के राजस्व संसाधनों में वृद्धि के लिए और तेजी से प्रयास करने हैं।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।